# शिवपुरी की मुस्कान शेख ने कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीते चार स्वर्ण पदक

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के शिवपुरी ज़िले की मुस्कान शेख ने न्यूजीलैंड में संपन्न सब जूनियर कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक जीतकर मध्य प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है।

## प्रमुख बिंदु

- मुस्कान ने एस्कॉट लिफ्टिंग में 105 किलो, बेंच प्रेस में 57.5 किलो और डेड लिफ्टिंग में 120 किलो भार उठाया और तीनों कैटेगरी में अव्वल आने के बाद उसे टोटल वेट काउंट के लिये भी स्वर्ण पदक मिला।
- शिवपुरी ज़िले के छोटे से गाँव मझेरा की रहने वाली 18 वर्षीय मुस्कान शेख 2016 से पावर लिफ्टिंग की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले मुस्कान हैंड बॉल में अपनी किस्मित आजमा चुकी है लेकिन गाँव में तैयारियों में समस्या आने के बाद उनका झुकाव वेट लिफ्टिंग की ओर हो गया।
- मुस्कान ने 2016 में पहली बार स्टेज हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसके बाद साल 2017-18-19 में वह नेशनल खेल चुकी हैं। उसके पिता दारा मोहम्मद पोल्ट्री फॉर्म का व्यवसाय करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/commonwealth-power-lifting-competition-1